| |
|---|
| दिनांक 25.08.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 33/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मुरादाबाद/थाना कटघर</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 23 हजार 300 रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **02 मोबाइल फोन, पासबुक, पैनकार्ड, एटीएम कार्ड**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 24/25.08.2024 की रात्रि थाना कटघर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सैनियो वाली मिलक की तरफ जाने वाली सड़क पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–पवन 2–अर्जुन घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 23 हजार 300 रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 02 मोबाइल फोन, पासबुक, पैनकार्ड, एटीएम कार्ड,02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त पवन के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद, सम्भल के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पवन निवासी गौशाला रोड मनोकामना स्कूल के पास कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल।

2—अर्जुन निवासी कपनेरी थाना मिलक जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1—लूट के 23 हजार 300 रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

3—02 मोबाइल फोन, पासबुक, पैनकार्ड, एटीएम कार्ड।

4—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मेरठ/थाना किठौर**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 18 हजार 200 रूपये नगद**
- **लूट की मोटर 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 24.08.2024 की रात्रि थाना किठौर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खन्दावली चौराहा के पास पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त जुल्फे उर्फ जुल्फेकार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 18 हजार 200 रूपये नगद, लूट की मोटर 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जुल्फे उर्फ जुल्फेकार के विरूद्ध जनपद मेरठ, हापुड़ के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 32 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना किठौर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जुल्फे उर्फ जुल्फेकार निवासी ग्राम जसौरा थाना मुण्डाली जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–लूट के 18 हजार 200 रूपये नगद।

2–लूट की मोटर 01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद अमरोहा/थाना गजरौला**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूटे गये 04 ट्यूबलर बड़ी बैट्री, 05 छोटी बैट्री व 01 इन्वर्टर**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 25.08.2024 को थाना गजरौला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम ख्यालीपुर से ग्राम मोहम्मदपुर के पास पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 1–दानिश 2–जोगेन्द्र 3–ओमदत्त को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 04 ट्यूबलर बड़ी बैट्री, 05 छोटी बैट्री व 01 इन्वर्टर, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 21/22.08.2024 की रात्रि थाना गजरौला क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गजरौला पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद बैट्री, इन्वर्टर आदि लूट की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गजरौला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—दानिश निवासी ग्राम रूखालू थाना हसनपुर जनपद अमरोहा हालपता—मोहल्ला लालबाग थाना हसनपुर जनपद अमरोहा।

2—जोगेन्द्र निवासी ग्राम झुरैरी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा।

3—ओमदत्त निवासी ग्राम नवाबपुरा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1—लूटे गये 04 ट्यूबलर बड़ी बैट्री, 05 छोटी बैट्री व 01 इन्वर्टर।

2—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के 03 लाख 40 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनॉकः 25.08.2024 को थाना खतौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चीतल कट के पास से 03 अभियुक्तों 1—सोनू 2—विनीत 3—सावन्त उर्फ सौरभ को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख 40 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट) बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना खतौली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू निवासी ग्राम पीपलहेड़ा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

2–विनीत निवासी ग्राम पीपलहेड़ा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

3–सावन्त उर्फ सौरभ निवासी ग्राम पीपलहेड़ा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख 40 हजार रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट)।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना गोमतीनगर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **01 बुलेट मोटर साइकिल**
- **01 कार बरामद**

दिनॉक:25.08.2024 को थाना गोमतीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे लाइन पानी की टंकी के पास विनीत खण्ड से 02 अभियुक्तों 1–अली हुसैन 2–सैज हुसैन उर्फ फैय्याज को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 01 बुलेट मोटर साइकिल, 01 कार बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना गोमतीनगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अली हुसैन के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग,

अभियुक्त सैज हुसैन उर्फ फैय्याज के विरूद्ध जनपद बाराबंकी, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अली हुसैन निवासी ग्राम बन्तीपुर जराबरी बरपेटा असम, हालपता–समई गॉव के पास थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ।

2–सैज हुसैन उर्फ फैय्याज निवासी ग्राम नासिरगंज बाजार थाना सोनवा, श्रावस्ती हालपता–ग्वारी गांव थाना गोमतीनगर, लखनऊ।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–01 बुलेट मोटर साइकिल।

3–01 कार।

**जनपद बाराबंकी/थाना मोहम्मदपुर खाला**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **चोरी के 20 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 25.08.2024 को थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लालपुर रोड के पास से 04 अभियुक्तों 1–इमरान 2–दिलेर अहमद 3–महफूज आलम 4–जुनैद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, चोरी के 20 हजार रूपये नगद, चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदपुर खाला पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–इमरान निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

2–दिलेर अहमद निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

3–महफूज आलम निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

4–जुनैद निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–चोरी के 20 हजार रूपये नगद।

3–चोरी की 02 मोटर साइकिल।

––––––